बिहार स्टेट फूड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लि0
खाद्य भवन, दारोगा राय पथ, आर0ब्लॉक रोड नं0-2, पटना-800001

कार्यालय-आदेश

ज्ञातव्य है कि सरकार के निदेशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2017-18 अन्तर्गत लक्ष्यांकित धान की मात्रा का ऑनलाईन पंजीकृत लघु/सीमान्त किसानों से शत-प्रतिशत क्रय करने का दायित्व पैक्सों/व्यापारमंडलों को सौपा गया है तथा जिला टास्क फोर्स द्वारा चयनित/अनुमोदित/सम्बद्ध मिलों के साथ पैक्स/व्यापारमंडलों द्वारा विधिवत् एकरारनामा करने के पश्चात् धान कुटाई कराने के उपरान्त क्रय धान के समतुल्य शत-प्रतिशत सी0एम0आर0 प्राप्त करने का दायित्व बतौर नोडल एजेन्सी राज्य खाद्य निगम को सौपा गया है। उक्त कार्य पर सतत् निगरानी एवं पर्यवेक्षण तथा सी0एम0आर0 की जाँच हेतु समीक्षोंपरान्त राज्य खाद्य निगम मुख्यालय में कार्यरत निम्न पदाधिकारियों को उनके नाम के सामने अंकित जिला में नोडल पदाधिकारी के रुप में प्रतिनियुक्त किया जाता है।

क0स.	जिला का नाम	नोडल-सह-वरीय पदाधिकारी का नाम एवं मो0नं0
1	पटना भोजपुर सारण	श्री विवेका नन्द झा मुख्य महाप्रबंधक,टी0पी0डी0एस0 मो0:-9471006628
2	बेगूसराय खगड़िया मधेपुरा समस्तीपुर वैशाली	श्री सुगन्ध चतुर्वेदी, मुख्य सतर्कता पदाधिकारी, महाप्रबंधक, वित्त-सह-आर्तरिक वित्तीय सलाहकार मो0-9334346667
3	अरवल जहानाबाद नवादा गया	श्री उदय प्रताप सिंह, मुख्य महाप्रबंधक, अधिप्राप्ति। मो0-9431660485
4	लखीसराय शेखपुरा जमुई सुपौल	श्री सुशील कुमार, महाप्रबंधक, जन वितरण मो0-9431447164
5	रोहतास कैमूर औरंगाबाद बक्सर	श्री संजीव कुमार, उप महाप्रबंधक, सामान्य प्रशासन मो0-9470004950
6	मधुबनी दरभंगा सीवान गोपालगंज	श्री कुन्दन कुमार,उप महाप्रबंधक, क्रय एवं विधि मो0-9709766807
7	सीतामढ़ी मुजफ्फरपुर शिवहर मोतिहारी	श्री अचल कुमार सिंह, उप महाप्रबंधक, अधिप्राप्ति। मो0-9835476460
8	सहरसा किशनगंज नांलदा पूर्णियाँ	श्री जफर आलम, उप महाप्रबंधक, अंकेक्षण मो0:-9905019777
9	भागलपुर मुंगेर	श्री शांतिव्रत भट्टाचार्य, उप महाप्रबंधक, जन-वितरण/भंडारण, मो0-911072724
10	कटिहार बाँका अररिया बेतिया	श्री अनिल कुमार, उप महाप्रबंधक, जन-वितरण/वित्त मो0:-9431015148

M.K. part-2

संलग्न महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बिन्दुओं के आलोक में प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारी प्रतिदिन समीक्षा कर यह सुनिश्चित करेगें कि विकेन्द्रीकृत अधिप्राप्ति कार्य की चक्रीय व्यवस्था सुचारु रुप से संचालित हो एवं इसमें किसी स्तर पर कठिनाई होने पर निगम/ जिला प्रशासन से समन्वय एवं सहयोग प्राप्त कर निराकरण की दिशा में प्रभावी कार्रवाई करेगें। आवश्यकतानुसार समय-समय पर जिला प्रबंधक/जिला सहकारिता पदाधिकारी/पैक्स/व्यापारमंडल/मिल मालिक इत्यादि के साथ बैठक कर समस्यायों का समाधान करने का हरसंभव प्रयास करेगें।

विशेष रुप से सी0एम0आर0 संग्रहण केन्द्रों में संधारित आगत-निर्गत एवं भंडार पंजी का तथा भंडारित सी0एम0आर0 के गुणवता की जाँच अनिवार्य रुप से करना सुनिश्चित किया जायगा।

क्षेत्रीय भ्रमण एवं जाँच में जिला प्रशासन के पदाधिकारियों का भी आवश्यकतानुसार सहयोग प्राप्त करेगें।

प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को मुख्य रुप से इस बात पर ध्यान देना है कि पैक्सों/व्यापारमंडलों द्वारा किसानों को कय धान के विरुद्ध सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य सही रुप से ससमय प्राप्त हो तथा पैक्सों/व्यापारमंडलों को उनके द्वारा जमा सी0एम0आर0 के विरुद्ध राशि की प्रतिपूर्ति राज्य खाद्य निगम द्वारा सहजता एवं तीव्रता से होना सुनिश्चित हो।

उपरोक्त निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय ताकि खरीफ विपणन मौसम 2017-18 के दौरान धान अधिप्राप्ति/जमा सी0एम0आर0 की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं किसानों के लिए सरल तथा सुगम बनाया जा सके।

30/12/2017

प्रबन्ध निदेशक।

ज्ञापांकः-02:15:16(अधि0)/2017-13400 दिनांक, 30.12.2017

प्रतिलिपिः-सभी नोडल पदाधिकारी, निगम मुख्यालय को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः- सभी जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम बिहार को सूचनार्थ प्रेषित। उन्हें निदेश दिया जाता है कि नोडल पदाधिकारी को आवास/वाहन इत्यादि संबंधित आवश्यक सुविधा उपलब्ध करायेगें।

प्रतिलिपिः-मुख्य महाप्रबंधक,(जन-वितरण/मुख्य महाप्रबंधक,(अधिप्राप्ति)/मुख्य निगरानी पदाधिकारी)/सभी महाप्रबंधक/ सभी उप महाप्रबंधक/गोपनीय शाखा, मुख्यालय को सूचनार्थ प्रेषित।

30/12/2017

प्रबन्ध निदेशक।

ज्ञापांकः-02:15:16(अधि0)/2017-13400 दिनांक, 30-12-2017

प्रतिलिपिः-सभी जिला पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः-निबंधक, सहयोग समितियाँ, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः-सचिव, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः-प्रधान सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

30/12/2017

प्रबन्ध निदेशक।

ज्ञापांकः-02:15:16(अधि0)/2017-13400 दिनांक, 30-12-2017

प्रतिलिपिः-मुख्य सचिव, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः-माननीय मंत्री के आप्त सचिव, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

30/12/2017

प्रबन्ध निदेशक।

M.K. part-2